भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3777**

18.12.2024 को उत्तर देने के लिए

घरेलू और उद्यम सर्वेक्षण कार्यक्षेत्र

3777. श्री मनोज तिवारीः

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की यह सुनिश्चित करने की योजना है कि घरेलू और उद्यम सर्वेक्षण कार्यक्षेत्र पिछले सर्वेक्षणों में पहचान की गई कमियों को प्रभावी ढंग से दूर करें; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संस्कृति मंत्रालय राज्य मंत्री [राव इंद्रजीत सिंह]

(क) से (ख): राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण (एनएसएस) को प्रक्रिया-आधारित पारिस्थितिकी तंत्र से उत्पाद-आधारित पारिस्थितिकी तंत्र में कार्यात्मक रूप से पुनर्गठित करने हेतु, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सर्वेक्षण पद्धतियों को मजबूत किया जाए और एनएसएस कम से कम समय में गुणात्मक परिणाम/रिपोर्ट जारी करने में सक्षम हो सके, यह निर्णय लिया गया है कि सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के दिनांक 07.08.2024 के आदेशानुसार, एनएसएस में सर्वेक्षण-वार वर्टिकल/प्रभाग अर्थात् घरेलू सर्वेक्षण प्रभाग (एचएसडी) और उद्यम सर्वेक्षण प्रभाग (ईएनएसडी) बनाए जाएं ताकि किसी विशेष उत्पाद/सर्वेक्षण के संबंध में टर्नकी सेवाएं प्रदान की जा सकें।

सर्वेक्षण परिणामों की अवधारणा, डिजाइन, प्रसंस्करण, विश्लेषण और अंततः प्रकाशित करने की प्रक्रिया एक व्यापक और बहु-स्तरीय प्रयास है। सर्वेक्षण के सभी चरणों में एक मानकीकृत प्रोटोकॉल का अनुसरण सुनिश्चित करने के लिए सावधानीपूर्वक योजना और निष्पादन की आवश्यकता होती है। इसे प्राप्त करने के लिए, राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण, प्रतिदर्श चयन, प्रतिदर्श ढांचे को सतत् रूप से अद्यतन करने, सारणीबद्ध योजना तैयार करने, डाटा संग्रहण के लिए सॉफ्टवेयर विकास, क्षेत्र अधिकारियों के संकलात्मक प्रश्नों का समाधान करने, संग्रहित डाटा के प्रसंस्करण और सत्यापन, सर्वेक्षण परिणामों का विश्लेषण और रिपोर्ट तैयार करने में, डाटा संग्रहण प्रक्रिया में स्थिरता और एकरूपता को बनाए रखने के उद्देश्य से सर्वेक्षण की तकनीकी योजना, सर्वेक्षण अनुसूची/प्रश्नावली को डिजाइन करने, प्रतिदर्श डिजाइन, अवधारणाओं और परिभाषाओं के सूत्रीकरण में क्रमश: घरेलू सर्वेक्षण और उद्यम सर्वेक्षणों के

संबंध में एचएसडी और ईएनएसडी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके अतिरिक्त, एचएसडी और ईएनएसडी क्रमशः घरेलू सर्वेक्षणों तथा उद्यम सर्वेक्षणों पर तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए गठित तकनीकी सलाहकार समूह (टीएजी) हेतु सदस्य सचिव के रूप में भी सेवा करता है। इन टीएजी में विभिन्न क्षेत्रों, जैसे केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों, राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों, शिक्षा, अनुसंधान, अर्थशास्त्र, वित्त आदि के विशेषज्ञ शामिल होते हैं।

*****